भाव-सारो

(भाव सार)

मंगल आशीर्वाद :

परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती
श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज

लेखक :

आचार्य वसुनंदी मुनि

ग्रंथ : भाव-सारो (भाव सार)

मंगल आशीर्वाद : परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती, राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज

ग्रंथकार : आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज

सम्पादन : आर्यिका वर्धस्व नंदिनी

संस्करण : प्रथम (सन् 2025)

प्रतियाँ : 1000

ISBN : **978-93-94199-55-2**

मूल्य : **₹52/-** (Not for Sale)

प्रकाशक : निर्ग्रन्थ ग्रंथमाला समिति (रजि.)

प्राप्ति स्थल : C/117, बेसमेंट, सेक्टर 51, नोएडा-201301
मो. 9971548889, 8800091252

मुद्रक : मित्तल इंडस्ट्रीज़, नई दिल्ली
मो. 9312401976

Visit us @ www.acharyavasunandi.com

संपादकीय

जाणहि भावं पढमं किं ते लिंगेण भावरहिएण।
पंथिय सिवपुरिपंथं जिणउवइट्ठं पयत्तेण॥6॥

हे पथिक! प्रथम भावको जानो। भाव रहित लिङ्गसे तुम्हारा क्या प्रयोजन? प्रयत्नपूर्वक भावको ही शिवपुरका पन्थ जिनेन्द्र भगवान्के द्वारा कहा गया है।

—(आ. श्री कुन्दकुन्दस्वामी, भावपाहुड़)

भावेण होइ लिंगी, ण हु लिंगी होइ दव्वमित्तेण।
तम्हा कुणिज्ज भावं, किं कीरइ दव्वलिंगेण॥48॥

मुनि भावसे जिनलिङ्गी होता है, द्रव्य मात्रसे जिनलिङ्गी नहीं होता इसलिए भावको धारण करो। मात्र द्रव्यलिङ्गसे क्या कर सकते हैं?

सुमनोंका सौन्दर्य व सौरभ, जलकी शीतलता, फलोंकी मधुरता, वैश्वानरकी ऊष्णता, दीपवर्तिकाकी ज्योति इन सभीमें क्रमशः प्राणरूपसे विद्यमान रहती है। इन विशेषताओंके बिना इन वस्तुओंका अस्तित्व ही असम्भव है उसी प्रकार किसी भी द्रव्यमें द्रव्यकी द्रव्यताको स्थायित्व देने वाला उसका भाव होता है। भावोंके बिना द्रव्य अर्थहीन है, निर्मूल्य है तथा उस द्रव्यके बिना भावका अस्तित्व ही असम्भव है। जैसे किसी प्राणीके पास द्रव्येन्द्रियोंके बिना (पौद्गलिक संरचना) भावेन्द्रियाँ (ज्ञानवरणी, वीर्यान्तरायका क्षयोपशम)

सम्भव नहीं है उसी प्रकार द्रव्य भेषके बिना तदनुरूप अविनाभावी रूपसे रहने वाले भाव भी असम्भव हैं और भावोंसे रहित वह द्रव्य भी अन्यतर संज्ञा, लक्षण, विशेषणों आदिको प्राप्त होता है।

आत्महितके लिए प्रशस्त भावोंकी उतनी ही आवश्यकता है जितनी धातुओंकी मलिनताको नष्ट करनेके लिए प्रज्ज्वलित अग्निकी, जलके वाष्पीकरणके लिए ऊष्णताकी अथवा वृक्षोंके सम्वर्द्धनके लिए समुचित उर्वरा, मिट्टी, खाद, जल प्राणवायु व प्राकृतिक प्रकाशकी भी। यह कहना भी उचित ही है कि बिना भावोंके जिनशासनका अस्तित्व आकाश-पुष्प वा खरविषाणोंकी तरह अशक्य है।

प्रज्ञ पुरुष वा आत्महितार्थी सज्जन जो भी पुरुषार्थ करते हैं वा जितनी भी योगत्रयकी क्रियाएँ सम्पन्नकी जाती हैं उन सबका प्रयोजन भाव विशुद्धि ही है। उचित ही है, जो मार्ग यथेष्ट मञ्जिलको प्राप्त न कराए वह मार्ग, सुमार्ग नहीं कहा जा सकता। जिस बीजसे कहीं भी वृक्ष न हो सके उसे बीज नहीं कहते। जो जल अग्निको शमन न कर सके उसेकौन बुद्धिमान जल कहेगा। संसारके अधिकांश प्राणी आत्महितके लिए क्रियाएँ तो बहुत करते हैं किन्तु ऐसे प्राणी विरले हैं जो उन क्रियाओंमें निहित प्राण रूपी तद्भावोंसे युक्त हों।

अनेकबारका पुरुषार्थ करने पर भी अनेक व्यक्ति अपनी साधनाके प्रति फलस्वरूप साध्य व सिद्धिको प्राप्त क्यों नहीं कर पाते, उसका मुख्यकारण यही है कि उनमें उस

प्रकारके भावोंका अभाव है। जो दीपवर्तिका अन्धकार वा तमसमूहको विनष्ट करनेमें असमर्थ है क्या वह कभी समीचीन दीपवर्तिका हो सकती है? जो चेतना शरीरको जीवन्तता प्रदान न कर सके क्या वह प्राणीकी आकृति जीवन्त कही जा सकती है?

वर्तमानकालमें अधिकांश व्यक्ति बड़ी-बड़ी क्रियाओंको करनेमें बहुत आगे बढ़ रहे हैं, द्रव्य-क्रियाओंकी प्रतिस्पर्द्धा चल रही है किन्तु भावोंका ख्याल कितने लोगोंको है? भावोंकी पृष्ठभूमिके बिना द्रव्यक्रियायें आकाशमें मेघनिर्मित सुन्दर भवन, नगर, पर्वतोंके समान है वा मात्र दृष्टिगोचर होने वाले इन्द्रधनुषके समान हैं (जिससे युद्ध नहीं जीते जाते) अथवा मृगमरीचिका नदीमें चमकती जलका आभास कराने वाली बालूसे किसीकी तृष्णा शान्त नहीं होती उसी प्रकार विरहित क्रियाएँ किसी भी भव्यजीवको मोक्षमार्गी नहीं बना सकतीं।

जैन वाङ्मयमें लिखा है भव्यजीव मोक्ष प्राप्त करनेका अधिकारी है अभव्य नहीं। इसका आशय यह भी है कि भव्यजीव तदनुरूप-भावोंसे युक्त हो सकता है अभव्य नहीं। आप भी जानते हैं कि अभव्य मोक्षमार्गकी क्रिया तो कर सकता है किन्तु मोक्षमार्गी बन नहीं सकता।

परमपूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी प्राकृतभाषाचक्रवर्ती आचार्य श्रीवसुनन्दी जी मुनिराजने सम्भव है इसीलिए इस 'भावसारो' ग्रन्थकी रचनाकी है। आचार्य भगवन् श्री

कुन्दकुन्द स्वामी, आचार्य भगवन् श्रीदेवसेन स्वामी, आचार्य भगवन् वामदेवसूरी, आचार्य भगवन् श्रीश्रुत मुनिराज, आचार्य श्रीकुन्थुसागर इत्यादि आचार्यों ने भावों पर जोर देते हुए क्रमशः भावपाहुड़, भावसङ्ग्रह, भावसङ्ग्रह, भावत्रिभङ्गी, भावत्रयफलप्रदर्शी आदिका लेखन किया। आचार्य भगवन् कुमुदचन्द्रस्वामी जीका कल्याणमन्दिर स्तोत्रमें लिखित यह पद **''यस्मात् क्रिया प्रतिफलंति न भाव शून्याः''** जिसे आचार्यश्रीने हमें कई बार पढ़ाया। उसका चिन्तन करते हुए यह 'भावसारो' ग्रन्थ लिखाया है।

प्रस्तुत ग्रन्थ 'भावसारो' उक्त ग्रन्थोंका साररूप दृष्टिगोचर होता है। यथार्थमें भावोंके बिना कोई भी क्रिया सम्यक् फलप्रदान करने वाली नहीं होती। इसीलिए आचार्य गुरुवर ने इस ग्रन्थमें भावों पर सटीक गाथाओंका प्रणयन किया है। जिससे भव्यजन भावोंके माहात्म्यका बोध प्राप्त कर मायाचार युक्त क्रियाओंसे उपेक्षाभाव रखकर पुण्यक्रियाओंका भावयुक्त सम्पादन कर सकें।

आचार्यश्रीकी लेखनक्षमता इस कालमें किसी आश्चर्यसे कम नहीं है। कलिकालसर्वज्ञ आचार्य भगवन् श्री वीरसेनस्वामी जी ने लगभग 72000 श्लोक प्रमाण रचनाकी और वह भी 17 वर्ष चित्रकूट नामक स्थानपर ठहरकरके और उनकी वही कृति 'धवलाजी' आज शीर्षस्थ ग्रन्थोंमें परिगणित है। उनके इस कार्यके उपकारका ऋण यह सदी कभी नहीं चुका पाएगी। वे ग्रन्थ आज महाव्रतियोंकी विशुद्धिके उत्कृष्ट निमित्तमें परिलक्षित होते हैं।

इसी प्रकार आचार्यश्री वसुनन्दी जी गुरुदेव प्राकृतभाषामें निरन्तर ग्रन्थोंका प्रणयन कर जिनशासनके एवं विश्वसाहित्यके महत्वपूर्ण कीर्तिस्तम्भ स्थापित कर रहे हैं। प्रत्येक विषयमें आचार्य भगवन्का समानाधिकार वैसे ही है जैसे चक्रवर्तीका षट्खण्डों पर एक समानाधिकार होता है। तभी तो नवीन विषयोंपर आचार्यश्रीकी लेखनी सदैव प्रवर्तमान रहती है। कभी श्रावक-श्रमण आचार संहिता तो कभी सिद्धान्त, कभी व्याकरण तो कभी न्याय, कभी दर्शन तो कभी राष्ट्रहितार्थ वा विश्वशान्ति हेतु सूत्रोंका प्रतिपादन।

विभिन्न स्थानों पर विहार करते हुए तीर्थवन्दना, समाजोंको उद्बोधन, मार्गनिर्देशन, सङ्घसञ्चालन, तपस्या इत्यादिके साथ इतने ग्रन्थोंका लेखन उनके अथक मनोबल एवं जिनशासनके प्रति प्रगाढ़ श्रद्धाका प्रतीक है। जिस प्रकार आचार्य भगवन् कुन्दकुन्द स्वामी, आचार्य समन्तभद्र स्वामी आदिके ग्रन्थ आज आत्महितार्थियोंके लिए वरदान स्वरूप हैं उसी प्रकार आचार्यश्री वसुनन्दी जी गुरुदेव द्वारा प्रणीत ये ग्रन्थ इस सदीके साथ आगे कई सदियोंके लिए वरदान स्वरूप, मोक्षमार्ग व आत्मशान्तिका मार्ग प्रदर्शित करने वाले होंगे।

आत्मशान्ति व जिनशासनप्रभावनाकी काङ्क्षा करने वाले आचार्य भगवन् श्रुतलेखनसे अपने दोनों ही लक्ष्योंको एक साथ साध रहे हैं। उनके द्वारा लिखित यह श्रुत अन्य भव्योंको भी निजलक्ष्य साधनेमें निमित्त होगा। इस पञ्चमकालमें आदर्शचर्याके धनी एवं विशाल श्रुतके ज्ञाता इन दोनों ही

विशेषताओंका आचार्यश्रीमें दृष्टिगोचर होना मणि-काञ्चन योगके समान ही है।

कहा जाता है कि विनम्रता व्यक्तिके विशाल व्यक्तित्वकी द्योतक है, आचार्य गुरुवरका यह मार्दवगुण सर्वविदित है। जिनशासनके प्रति उनकी निष्प्रमादी वृत्ति स्वयंमें एक उदाहरण है। विद्वत्जगत् जानता है कि पूज्य गुरुदेवके ग्रन्थोंका प्रकाशन आमन्त्रित विद्वत्गणके मध्य वाचना व मन्थन कर ही होता है जिसमें आचार्यश्रीकी गरिमामयी उपस्थितिमें विषयगत व भाषागत विद्वान् उनके चरणोंमें उपस्थित होते हैं एवं ग्रन्थ वाचनके मध्य अपने विचारों व जिज्ञासाओंको विनम्रतापूर्वक प्रस्तुत करते हैं।

इसी प्रकार इस बार भी सरधनामें कुछ आगामी प्रकाशित होने वाले ग्रन्थोंका वाचन हुआ जिसके मध्य प्राचार्य डॉ. अनिल भैया जी, डॉ. नरेन्द्रकुमार, डॉ. पुलक गोयल, डॉ. आशीष बमौरी जी व प्रतिष्ठाचार्य मनोज शास्त्री जी समुपस्थित थे। जिनवाणी धारामें अवगाहन करते हुए आचार्यश्रीके वात्सल्य और विद्वानोंकी विनययुत भक्तिका यह दृश्य भी हृदयको प्रफुल्लित करने वाला होता है।

आचार्य भगवन्के ग्रन्थके सम्पादनका कार्य मुझ अल्पज्ञके द्वारा किया गया है। यह लोकप्रसिद्ध है कि काँचखण्डपर मिहिरका प्रकाश उसे हीरेके समान दीप्तमान करता ही है। इस सम्पादनमें किञ्चित् भी प्रौढ़ता गुरुकी कृपादृष्टि है। और यदि प्रमादवश कोई त्रुटि रह गई हो तो नीर-क्षीर-विवेकी

हंसके समान गुणग्राहक दृष्टिसे ग्रन्थाध्ययन करते हुए विज्ञजन मुझे क्षमा करें।

ग्रन्थवाचनमें सहयोगी सभी विद्वत्गणों एवं मुद्रण-प्रकाशन आदिमें सहयोगी सभी महानुभावोंके लिए पूज्य गुरुदेवका शुभाशीष! आचार्य गुरुवरका उत्तम स्वास्थ्य हम सभीको वरदानके रूपमें प्राप्त हो, उनकी संयम-साधना, तपश्चर्या, ज्ञान इत्यादि शुक्लपक्षके शशधरके समान सदैव प्रवर्धमान व संवर्द्धित रहे। पुनः आचार्य भगवन् श्री वसुनन्दी जी गुरुवरके श्रीचरणोंमें सिद्ध-श्रुत-आचार्य भक्ति सहित कोटिशः नमोस्तु! नमोस्तु! नमोस्तु! ...

—आर्यिका वर्धस्वनन्दिनी

''भाव-सारो'' के प्रति मेरे भाव

अभीक्ष्ण-ज्ञानोपयोगी श्रमणकुल-तिलक पूज्य आचार्यश्री वसुनन्दी जी महाराजके भावोंका सुमधुर सुगन्धित सुन्दर पुष्प गुच्छ ही तो है भाव-सारो।

प्राकृतभाषाके प्रति अनन्य प्रेम और लगाव मुझे पूज्यश्रीके द्वारा सृजित ग्रन्थरत्नोंकी ओर आसानीसे आकर्षित करता है। सम्प्रति 'भावपाहुड'का स्वाध्याय कर रहा हूँ। आचार्य कुन्दकुन्द स्वामीके भावोंको वर्तमानमें यदि कोई शब्दोंमें पुनः प्रस्तुत करनेका प्रयास कर रहे हैं तो वे पूज्यश्री ही हैं। भावसारोकी कतिपय गाथाओंको बिना लेखकका नाम लिए यदि प्रस्तुत किया जावे तो बड़ेसे बड़े प्राकृत भाषाविद भी उस गाथासूत्रको सैकड़ों वर्ष प्राचीन कहनेके लिए विवश हो जायेंगे, इसमें मुझे कोई सन्देह नहीं है।

प्राकृतभाषाकी सहज प्रस्तुति पूज्यश्रीकी सृजनशीलताके अविरल प्रवाहकी परिचायिका है। जैसा सरल और सहज पूज्यश्रीका व्यक्तित्व है, वैसा ही सरल और सहज पूज्यश्रीका प्राकृत साहित्य है। कोई पाण्डित्य प्रदर्शनका भाव नहीं, किसीको कुछ समझाना या चेताना नहीं। मात्र जिनवाणीकी श्रीवृद्धिके लिए सङ्कल्पित पूज्यश्रीकी प्रत्येक गाथा पुरातन आचार्योंकी स्मारिका सी लगती है।

भाव-सारोको निकटतासे महसूस करनेके बाद पाठक भी मेरे भावोंका समर्थन करेंगे। पूज्यश्रीने इस लघुकाय ग्रन्थराजमें मोक्षमार्गका सार ही मानो उद्घाटित कर दिया है।

''भावो य पढम-लिंगं'' (भावपाहुड, गाथा 02) आचार्य कुन्दकुन्द स्वामीकी यह उक्ति भावसारोमें विश्लेषित हुई है। भावोंके बिना बाह्य क्रियाका महत्त्व नहीं है। भावोंकी निम्नस्तरीयता संसारमें भटकाती है। भाव, भावना, उपयोग, भावलिङ्ग, अन्तरङ्गका शुभ व शुद्ध विचार, अन्तरङ्गका परिणाम आदि जैनागमका सार तत्त्व समाया है इस महत्त्वपूर्ण प्राकृत रचनामें।

पूज्यश्रीकेद्वारा रचित यह आध्यात्मिक साहित्य श्रावकोंके लिए सम्पूर्ण प्राकृत जैनागमके अध्ययन हेतु अवश्य प्रेरित करेगा, यही भावना है। जैनआगमके सिद्धान्तोंकी सहज बोधगम्य प्रामाणिक प्रस्तुति प्रदान करनेके लिए पूज्य आचार्यवरके श्रीचरणोंमें सश्रद्ध अनेकों प्रणाम....

–डॉ. पुलक गोयल जबलपुर

महामंत्री, स्नातक परिषद

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान,

सांगानेर, जयपुर (राजस्थान)

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	विषय	गाथा सं.	पृ. सं.
1.	मङ्गलाचरण	1-14	1
2.	ग्रन्थ लेखन प्रतिज्ञा	15	4
3.	ग्रन्थ माहात्म्य	16-17	4
4.	भाव स्वरूप	18-19	5
5.	भावोंकी प्रधानता	20-21	5
6.	सभी जीवोंमें भाव	22-23	6
7.	भाव-कूटस्थ या स्थिर	24	6
8.	जीवके असाधारण भाव व भेद	25-26	7
9.	औपशमिक भाव	27	7
10.	औपशमिक भाव भेद व औपशमिक सम्यक्त्व लक्षण	28-29	8
11.	सादि व अनादि मिथ्यादृष्टिके उपशम सम्यक्त्व	30	8
12.	औपशमिक चारित्र लक्षण	31-33	9
13.	औपशमिक भावका काल	34	9
14.	क्षायिक भाव भेद	35	9

15.	क्षायिक भाव लक्षण	36	10
16.	क्षायिक सम्यक्त्वका लक्षण	37	10
17.	क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्तिके योग्यकौन	38	10
18.	क्षायिक सम्यक्त्व प्रतिष्ठापना व निष्ठापना कहाँ	39	11
19.	बारहवाँ गुणस्थान कब	40-42	11
20.	क्षपक व उपशम श्रेण्यारोहण किसके	43-44	12
21.	भावोंसे गुणस्थान	45	12
22.	भावोंसे श्रेण्यारोहण	46-48	13
23.	क्षयोपशम भाव	49	13
24.	क्षयोपशम भावके भेद	50-51	14
25.	क्षयोपशम सम्यक्त्वका लक्षण वकाल	52-53	14
26.	क्षायोपशमिक सम्यक्त्व व चारित्र कहाँ	54	15
27.	क्षायोपशमिक ज्ञान, अज्ञान, दर्शन व लब्धि कहाँ	55	15
28.	क्षायोपशमिक भाव कहाँ तक	56	16

29.	औदयिक भावके लक्षण व भेद	57-58	16
30.	गति भाव	59	17
31.	कषाय भाव	60	17
32.	लिङ्ग भाव	61-62	17
33.	मिथ्यात्व भाव	63	18
34.	अज्ञान भाव	64	18
35.	असिद्ध भाव	65	18
36.	असंयम भाव कहाँ	66	19
37.	लेश्या भाव	67	19
38.	पारिणामिक भाव	68-70	19
39.	सिद्धोंके भाव	71	20
40.	तीन प्रकारके भाव	72	20
41.	अशुभ भाव व उपयोग	73	21
42.	शुभ उपयोगका अभाव	74	21
43.	अशुभ भावसे जीव अशुद्ध	75	21
44.	शुभ योगमें अशुभ उपयोग	76	22
45.	अशुभ भाव स्थिति	77-78	22
46.	नरकमें शुभोपयोग	79	22
47.	अशुभ लेश्यासे दुर्गति	80	23

48.	दुर्भावोंसे पाप कर्मबन्ध	81	23
49.	मिथ्यादृष्टि	82	23
50.	शुभोपयोग कहाँ सम्भव नहीं	83-84	24
51.	अशुभ उपयोगके स्वामी	85-95	24
52.	अशुभ भाव दुर्गतिका हेतु	96	27
53.	आसुरी आदि भावोंसे दुःख	97-98	27
54.	अशुभोपयोग क्षयकेसे	99	28
55.	अशुभभाव त्याग हेतु पुरुषार्थ	100	28
56.	भव्योंको त्याज्य	101	28
57.	अशुभभाव सदा हेय	102	29
58.	अशुभोपयोग त्यागका उपदेश	103	29
59.	शुभोपयोगके स्वामी	104-130	29
60.	शुभोपयोग प्राप्ति	131-132	36
61.	शुभोपयोगके हेतु	133-134	36
62.	सम्यक्त्वका लक्षण	135	37
63.	व्रत पालन निर्देश	136	37
64.	कुलाचार व मर्यादा पालन	137	37
65.	तत्त्वचिन्तनका फल	138	37
66.	भावशून्य शुभ वेष भी निरर्थक	139	38

67.	शुभभाव-परमसमाधिकाकारण	140	38
68.	मैत्री आदि भावोंसे सुख	141	38
69.	बारह अनुप्रेक्षाओंका प्रभाव	142	39
70.	व्रतशुद्धि हेतु भावना आवश्यक	143	39
71.	सोलहकारण भावनाका फल	144	39
72.	भावसहित व्रतपालनका फल	145	39
73.	भावोंका भोजन पर प्रभाव	146	40
74.	द्रव्यसे नहीं, भावसे उपयोग	147-148	40
75.	शुद्ध भाव महत्ता	149-150	41
76.	शुद्धोपयोगके स्वामी	151-160	41
77.	शुद्धोपयोगीकी वन्दना	161	43
78.	शुद्धात्मध्यान प्रेरणा	162	44
79.	शुद्धोपयोगी मुनिदर्शन फल	163	44
80.	शुद्धोपयोग फल प्राप्त करने वाला	164	44
81.	अरिहन्त शुभ, अशुभ वा शुद्ध उपयोग रहित	165	45
82.	शुद्धोपयोग फल प्राप्तकर्ताकी वन्दना	166	45
83.	भाव द्रव्यसे प्रधान	167	45

84.	भावोंसे श्रेष्ठता	168	46
85.	अशुभ-भावोंसे शुभक्रिया भी दूषित	169	46
86.	तीव्रकषाययुक्त पापी	170	46
87.	जिनशासनका सार	171	46
88.	विशुद्धभावहीन नैर्ग्रन्थ्य भी सार्थक नहीं	172	47
89.	सुभावशून्य मोक्षमार्गी नहीं	173-174	47
90.	मूर्च्छा रहित चक्रीकी सुगति	175	48
91.	हिंसाभावयुक्त भी महापापी	176	48
92.	सुभाव भी पुण्यदायक	177	48
93.	पात्रदान अनुमोदनासे भोगभूमि	178	48
94.	भावोंका प्रभाव	179-199	49
95.	संक्लेशतम दया तीर्थङ्कर प्रकृतिबन्धका कारण	200-205	54
96.	निदान रहित पुण्य मोक्षकारक	206	55
97.	मिथ्यादृष्टिका पुण्य भी भवकारक	207	55
98.	भावोंका माहात्म्य	208	56
99.	जैसे भाव, वैसा फल	209	56
100.	किन भावोंसे कैसे फलकी प्राप्ति	210	56

101.	शुद्ध भाव ही मोक्षकारक	211	56
102.	किन भावोंसे कर्मक्षय	212	57
103.	भावोंको सम्भालना आवश्यक	213	57
104.	ममत्वभाव संसारका हेतु	214	57
105.	शुभ भावोंकी भावना	215	58
106.	भावोंको सम्भालना	216	58
107.	विशुद्ध-चित्तका ही कल्याण सम्भव	217	58
108.	भावोंकी प्रधानता	218	58
109.	एक ही निमित्तसे भिन्न-भिन्न भाव	219-220	59
110.	ग्रन्थ माहात्म्य	221	60
111.	ग्रन्थकारकी लघुता	222	60
112.	अन्तिम मङ्गलाचरण	223-226	60
113.	ग्रन्थ प्रशस्ति	227-228	61

भाव-सारो

(भाव सार)

मङ्गलाचरण

सुद्धसहावो जेहिं, पडिलंभिदो सगसुद्धभावेहिं।
ते णिक्कम्मा सिद्धा, णमामि लहिदुं सुद्धभावं॥1॥

जिन्होंने अपने शुद्ध भावों से शुद्ध स्वभाव को प्राप्त किया उन कर्मों से रहित सिद्धों को अपने शुद्ध स्वभाव की प्राप्ति के लिए मैं (आचार्य वसुनन्दी मुनि) नमस्कार करता हूँ।

असुहभावरहिदा जे, सुभावजुदा सुद्धभावं लहिदुं।
संलग्ग-सूरि-पाढग-मुणी थुवमि खयिदुं कुभावं॥2॥

जो अशुभ भाव से रहित हैं, शुभ भाव से युक्त हैं एवं शुद्ध भावों को प्राप्त करने में संलग्न हैं उन आचार्य, उपाध्याय व मुनिराजों की स्तुति, मैं कुभावों के क्षय के लिए करता हूँ।

अरिहादी परमेट्ठी, ताण बिंबाणि जिणभवणाणि थुवमि।
जिणागमं जिणधम्मं, पाविदुं सग-सासय-धम्मं॥3॥

अरिहन्त आदि पञ्च परमेष्ठी, उनके बिम्ब, जिनभवन, जिनागम व जिनधर्म की निज शाश्वत धर्म की प्राप्ति के लिए स्तुति करता हूँ।

पसत्थभावसंजुदं, बहुहा सुद्धभावजुत्तं णिच्चं।
सूरिं संतिसायरं, अप्पमत्त-चरिय-संजुत्तं॥4॥

पढमाइरियं च चरिय-चक्किं गम्भीरं दुद्धरतवसिं।
थुवमि मुणिपरम्पराइ, जीवण-दायगं भयवदोव्व॥5॥ (जुम्मं)

जो नित्य प्रशस्त भाव से युक्त थे, बहुधा शुद्ध भाव से युक्त रहा करते थे, जो लुप्तप्रायः मुनि परम्परा के लिए जीवन दायक थे, भगवान् के समान उन अप्रमत्त चारित्र से युक्त, गम्भीर, दुर्द्धर तपस्वी, चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री शान्तिसागर जी मुनिराज की मैं स्तुति करता हूँ।

तव-सिरोमणिं संजम-सम्मत्त-सण्णाणेहिं विसिट्ठं।
पणायार-परायणं, सिआवाय-केसरिं सूरिं॥6॥

गुणायारं वच्छलं आइरियं सिरीपायसायरं च।
तिविहकम्मं णासिदुं, परियंदामि अइभत्तीए॥7॥ (जुम्मं)

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान व सम्यक् चारित्र से विशिष्ट, तप शिरोमणि, पञ्चाचार परायण, गुणों के आकर, वात्सल्य युक्त, स्याद्वाद केसरी आचार्य श्री पायसागर जी मुनिराज को तीन प्रकार के कर्मों के नाश के लिए अतिभक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

धीर-वीर-गम्भीरं, पालिदुं दुविहसंजमं पवीणं।
संगहणुग्गह-कुसलं, सिस्साण पंचिंदिय-जेदुं॥8॥

सुद्धप्पज्झाणरदं, जयकित्ति-माइरियं दूरदिट्ठं।
णमामि तच्चचिंतगं, सय सगायार-विसुद्धीए॥9॥ (जुम्मं)

धीर, वीर, गम्भीर, दोनों प्रकार के संयम पालन करने में प्रवीण, शिष्यों के सङ्ग्रह-अनुग्रह में कुशल, पञ्चेन्द्रिय विजेता, शुद्धात्मध्यान में रत, दूरदृष्टा, तत्त्वचिन्तक आचार्य श्री जयकीर्ति जी मुनिराज को निज आचार की विशुद्धि के लिए सदैव नमस्कार करता हूँ।

भारदगोरवं महा-भूसणमुक्किट्ठं च देसस्स सय।
जुगदिट्ठं जिणसासण-उण्णदि-कारगं पसंतं च॥10॥

चउविह-संघणायगं, अच्चंत-भद्दपरिणाम-सहिदं च।
सूरिं देसभूसणं, णमामि लहिदुं सयलणाणं॥11॥ (जुम्मं)

युगदृष्टा, जिनशासन उन्नतिकारक, प्रशान्त, चतुर्विध सङ्घनायक, अत्यन्त भद्र परिणाम से सहित, देश के महा आभूषण स्वरूप भारत गौरव आचार्य श्री देशभूषण जी मुनिराज को सकलज्ञान अर्थात् केवलज्ञान की प्राप्ति के लिए नमस्कार करता हूँ।

सुगुरुं जिणसासणस्स, परमपहावगं सय तित्थयरोव्व।
सिदपिच्छधारगं सिद्धंतचक्किं रट्ठसंतं च॥12॥

खवगरायसिरोमणिं, उक्किट्ठ-सल्लेहणा-धारगं च।
सूरिं विज्जाणंदं, थुवमि लहिदुं विज्जाणंदं॥13॥ (जुम्मं)

तीर्थङ्कर के समान जिनशासन के परम प्रभावक, श्वेतपिच्छीधारक, उत्कृष्टसल्लेखना धारक, क्षपकराज

शिरोमणि, सिद्धान्तचक्रवर्ती, राष्ट्रसन्त आचार्य श्री विद्यानन्द जी मुनिराज की विद्या के आनन्द की प्राप्ति के लिए स्तुति करता हूँ।

सग-भाव-विसुद्धीए, परम-विसुद्धभावसहिद-गुरुणो य।
धरिय चित्ते पणमामि, डज्झेदुं अट्ठविहकम्मं॥14॥

परम विशुद्ध भाव सहित गुरुओं को अपने चित्त में धारण कर उन गुरुओं को अपने अष्टकर्मों के नाश के लिए निज भावों की विशुद्धिपूर्वक नमस्कार करता हूँ।

ग्रन्थ लेखन प्रतिज्ञा

गंथिमं भावसारं, वोच्छामि सव्वभावविसुद्धीए।
लहिदुं भावा अलेस्स-अकम्म-अकसाय-जीवाणं॥15॥

लेश्या रहित, कर्म रहित व कषाय रहित जीवों के भावों की प्राप्ति के लिए अपने भावों की विशुद्धिपूर्वक 'भावसार' नामक इस ग्रन्थ को कहता हूँ।

ग्रन्थ माहात्म्य

जह तह णिग्गंथदा हु, आइरिय-उवज्झाय-साहूणं च।
तित्थपइडी तित्थाण, भावसारो अप्पसुद्धीइ॥16॥

जिस प्रकार आचार्य, उपाध्याय व साधुओं के लिए उनकी निर्ग्रन्थता एवं तीर्थङ्करों के लिए तीर्थङ्कर प्रकृति है, उसी प्रकार आत्मशुद्धि के लिए यह 'भावसारो' नामक ग्रन्थ है।

जंति चेयण-पदेसे, भावा खलु परिणदी चेयणाए।
मणे णो णिप्पज्जंति, जं भावा सव्वजीवेसुं॥17॥

चेतना की परिणति ही भाव है। वे भाव चेतन प्रदेश में उत्पन्न होते हैं। वे मन में उत्पन्न नहीं होते क्योंकि भाव (संज्ञी, असंज्ञी, न संज्ञी न असंज्ञी) सभी जीवों में होते हैं।

भाव स्वरूप

असण्णी-जीवेसुं पि, भावा होंति णियमादु सव्वदा हि।
अप्पपरिणदी भावो, अहवा चेयण-पज्जाओ वि॥18॥

असंज्ञी जीवों में भी नियम से सर्वदा ही भाव होते हैं। आत्मा की परिणति भाव है अथवा चेतना की पर्याय भी भाव है।

मणे रोहदि वियारं, तच्च-अतच्च-चिंतणं वा तादो।
जोगपवित्ती कयाइ, भावणिमित्तं णेव भावो॥19॥

मन में विचार उत्पन्न होता है। उससे तत्त्व वा अतत्त्व चिन्तन उत्पन्न होता है। योगों की प्रवृत्ति कदाचित् भावों में निमित्त है किन्तु वह भाव कदापि नहीं है।

भावों की प्रधानता

ण दव्वकिरिया महच्च-संजुदा पाणोव्व भावेहि विणा।
भावेण विणा जीवो, चेयणं जीवत्तसत्तीव॥20॥

जो भाव क्रियाओं में प्राण के समान माने जाते हैं उन भावों के बिना द्रव्यक्रिया महत्त्वयुक्त नहीं है। जैसे—चेतना

के बिना जीवत्वशक्ति असम्भव है, उसी प्रकार भाव के बिना जीव का अस्तित्व असम्भव है।

भाव-पहावो अहियो, सद्दादो चिय सव्वदा सव्वत्थ।
भावविहीणो सद्दो, बंझाए दु रमणकिरिया व॥21॥

सर्वदा व सर्वत्र शब्दों से अधिक भावों का प्रभाव होता है। भाव से विहीन शब्द बन्ध्या की रमणक्रिया के समान निष्फल वा अर्थहीन हैं।

सभी जीवों में भाव

रयणायरे रयणं व, अक्के पगासोव्व सुमे सुरहीव।
सुहायरम्मि जुण्हा व, भावो सव्वेसु जीवेसुं॥22॥

जैसे रत्नाकर में रत्न होते हैं, सूर्य में प्रकाश होता है, पुष्प में सुगन्ध होती है और चन्द्रमा में चाँदनी होती है उसी प्रकार सभी जीवों में भाव होते हैं।

जह पवण-पहावेणं, उप्पज्जंति कल्लोला तडागे।
जोगाइ-णिमित्तेणं, तह हाणि-विड्ढि-रूव-भावा॥23॥

जैसे वायु के प्रभाव से सरोवर में तरङ्गें उत्पन्न होती हैं, वैसे ही योगादि का निमित्त पाकर संसारी जीवों के सदा हानि-वृद्धि रूप भाव होते हैं।

भाव-कूटस्थ या स्थिर

छउमत्थ-भावा णेव, कूडत्था गदरायीणं थिरा दु।
णो कम्मरहिदेसु सा, जा हाणि-विड्ढी सकम्मेसु॥24॥

छद्मस्थ के भाव कूटस्थ नहीं होते और वीतरागियों के भाव स्थिर होते हैं (किन्तु परिणमन सदैव होता है)। कर्म रहित जीवों में भावों की वह (परिणमन) हानि-वृद्धि नहीं होती जो हानि-वृद्धि कर्म सहित जीवों में होती है।

जीव के असाधारण भाव व भेद

सेट्ठ-असाहारण-भावा विसिट्ठ-परिणदीए जीवस्स।
णेव कयावि संभवा, अण्णपोग्गलाइ-दव्वेसुं।।25।।

जीव की विशिष्ट परिणति से जीव के श्रेष्ठ असाधारण भाव होते हैं। वे जीव के असाधारण भाव अन्य पुद्‍गलादि द्रव्यों में कदापि सम्भव नहीं हैं।

उवसमिय-खओवसमिय-खइयोदइय-पारिणामिग-भावा।
ताण तेवण्ण-भेया, जाणेज्जा जिणागमेणं च।।26।।

जिनागम से औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक, औदयिक व पारिणामिक ये पाँच भाव जानने चाहिए, उनके कुल तिरेपन भेद हैं।

औपशमिक भाव

कम्माण-मुवसमादो, जे भावा ते उवसमिया मेत्तं।
उवसमो सक्को मोहणिज्जस्स दु सव्वपइडीणं।।27।।

जो भाव मात्र कर्मों के उपशम से होते हैं, वे औपशमिक भाव जानने चाहिए। मोहनीय की सर्व प्रकृतियों का ही उपशम शक्य है।

औपशमिक भाव भेद व औपशमिक सम्यक्त्व लक्षण

बेविहं मोहणिज्जं, उवसमिय-भावो अवि बेविहो तं।
दंसणमोहस्स मिच्छ-मिस्स-सम्मत्त-पइडीणं च॥28॥

तेहि सह चउ-अणंताणुबंधिकसाय-उवसमादो तहा।
उवसम-सम्मत्तं सय, णिद्दिट्ठं जिणवरिंदेहिं॥29॥ (जुम्मं)

मोहनीय कर्म दो प्रकार का है—दर्शन मोहनीय व चारित्र मोहनीय। अतः औपशमिक भाव भी दो प्रकार है—औपशमिक सम्यक्त्व व औपशमिक चारित्र। दर्शन मोहनीय की मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व व सम्यक् प्रकृति और उनके साथ चार अनन्तानुबन्धी कषाय के उपशम से उपशम सम्यक्त्व होता है, ऐसा जिनेन्द्रों के द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।

सादि व अनादि मिथ्यादृष्टि के उपशम सम्यक्त्व

सादि-मिच्छो लहदि उवसमादो वा पण-छ-सत्तपइडीण।
अणादी पणपइडीण, कइवयणुसारेण सत्ताण॥30॥

सादि मिथ्यादृष्टि जीव पाँच, छह या सात प्रकृतियों व अनादि मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्व के साथ चार अनन्तानुबन्धी कषायों इन पाँच प्रकृतियों के और कुछ आचार्यों के अनुसार सात प्रकृतियों के उपशम से उपशम सम्यक्त्व प्राप्त करता है।

औपशमिक चारित्र लक्षण

अणंताणुबंधि-रहिद-ति-अप्पच्चक्खाण-कसायादीण।
कोह-माण-जिम्ह-लोह-कसायबारसेहि सहिदाण॥31॥

हस्स-पेम्म-अरदि-सोग-भय-दुगुंछ-थी-पुं-संढवेदाण।
चरियमोहस्स कमसो, इगवीसपइडीणुवसमादु॥32॥

उवसमिअ-चरियं सया, उवसम-सेढी-आरोहगाणं दु।
पुण्णभवेसु चउवार-मेगभवे चडेज्ज दुवारं॥33॥ (तियं)

चारित्र मोहनीय के अनन्तानुबन्धी कषाय से रहित तीन अप्रत्याख्यान, प्रत्याख्यान व सञ्ज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ इन बारह कषायों से सहित हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद व नपुंसकवेद क्रमशः इन इक्कीस प्रकृतियों के उपशम से उपशम श्रेणी पर आरूढ़ होने वाले मुनिराजों के सदा औपशमिक चारित्र होता है।

औपशमिक भाव का काल

उवसमियभाव-यालो, अंतोमुहुत्तो णिच्च-सिद्धंतो।
सुद्ध-सहावो उवसम-भावो णो कयावि जीवस्स॥34॥

इस औपशमिक भाव का काल अन्तर्मुहूर्त है, यह नित्य सिद्धान्त है। औपशमिक भाव जीव का शुद्ध स्वभाव कदापि नहीं है।

क्षायिक भाव भेद

खइय-णाणं दंसणं, सम्मत्तं चरियं दाणं लाहो।
णवविहा खइय-भावा, भोगो उवभोगो वीरियं॥35॥

क्षायिक ज्ञान, क्षायिक दर्शन, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायिक चारित्र, क्षायिक दान, क्षायिक लाभ, क्षायिक भोग, क्षायिक उपभोग व क्षायिक वीर्य ये नौ प्रकार के क्षायिक भाव हैं।

क्षायिक भाव लक्षण

णाणावरण-दंसणावरण-खयादो णाणं दंसणं च।
दाणाइ-खइय-भावा, दाणाइ-विग्घ-पइडि-खयादु॥36॥

ज्ञानावरण के क्षय से क्षायिक ज्ञान, दर्शनावरण के क्षय से क्षायिक दर्शन, दानादि अन्तराय कर्म प्रकृतियों के क्षय से दानादि क्षायिक भाव होते हैं। अर्थात् दानान्तराय के क्षय से क्षायिक दान, लाभान्तराय के क्षय से क्षायिक लाभ, भोगान्तराय के क्षय से क्षायिक भोग, उपभोगान्तराय के क्षय से क्षायिक उपभोग और वीर्यान्तराय के क्षय से क्षायिक वीर्य होता है।

क्षायिक सम्यक्त्व का लक्षण

मिच्छाइ-ति-पइडीणं, अणंताणुबंधि-चउक्क-खयादो।
भव्वुल्ला णियमादो, हवंति खइय-सम्मादिट्ठी॥37॥

मिथ्यात्व आदि तीन प्रकृतियों व अनन्तानुबन्धी चतुष्क (अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया, लोभ) के क्षय से भव्य जीव नियम से क्षायिक सम्यग्दृष्टि होते हैं।

क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्ति के योग्य कौन

खइय-सम्मत्तं वज्ज-उसह-संघडण-जुदो णिअड-भव्वो।
पाउणेदुं समत्थो, केवलिदुगपादमूले वा॥38॥

वज्रवृषभनाराच संहनन से युक्त निकटभव्य जीव केवली वा श्रुतकेवली के पादमूल में क्षायिक सम्यक्त्व प्राप्त करने में समर्थ होता है।

क्षायिक सम्यक्त्व प्रतिष्ठापना व निष्ठापना कहाँ

पट्ठिावणं करिदुं, समत्थो मेत्तं माणुस-गदीइ हि।
संभवो णिट्ठावणं, चदुगदीसुं सिद्धंतेणं।।39।।

क्षायिक सम्यक्त्व की प्रतिष्ठापना करने में जीव मात्र मनुष्यगति में ही समर्थ है। किन्तु सिद्धान्त से निष्ठापना चारों ही गतियों में सम्भव है।

बारहवाँ गुणस्थान कब

चरिय-मोहणिज्जस्स य, खयादो तह इगवीस-पइडीणं।
णिस्सेसमोहखयादु, खीणमोहो सय बारसमठाणं।।40।।

चारित्र मोहनीय की इक्कीस प्रकृतियों के क्षय से सम्पूर्ण मोह के क्षय होने से क्षीणमोह नामक बारहवाँ गुणस्थान होता है।

बारसम-गुणट्ठाणे, णाण-दंसणावरणं खयिय रिसी।
विग्घकम्म-मणंतरं, जिणो सजोगकेवली होदि।।41।।

ऋषिवर बारहवें क्षीणमोह गुणस्थान में ज्ञानावरण व दर्शनावरण और अनन्तर अन्तराय कर्म क्षयकर सयोग केवली जिन होते हैं।

णव-खइयभावा सया, हवंति खलु अरिहंत-केवलीणं।
घाइकम्मक्खयेणं, विणा असंभवो णवलद्धी।।42।।

अरिहन्त केवली जिन के सदा नौ क्षायिक भाव ही होते हैं। घातियाकर्मों के क्षय के बिना नव क्षायिक लब्धि असम्भव है।

क्षपक व उपशम श्रेण्यारोहण किसके

विदियुवसम-सद्दिट्ठी, वा खइया चडंति उवसम-सेढिं।
उवसम-चरिय-धारगा, समणा णिच्चं परियंदामि।।43।।

द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि वा क्षायिक सम्यग्दृष्टि भी उपशम श्रेणी चढ़ते हैं। उपशम चारित्र के धारक श्रमणों को मैं नित्य नमस्कार करता हूँ।

चडंते खवगसेढिं, खइयसम्मादिट्ठी मुणी मेत्तं।
खओवसम-सद्दिट्ठी, किण्णु णेव एगसेढिं अवि।।44।।

मात्र क्षायिक सम्यग्दृष्टि मुनिराज ही क्षपक श्रेणी चढ़ते हैं। किन्तु क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि एक भी श्रेणी नहीं चढ़ते।

भावों से गुणस्थान

भावविसुद्धिबलेणं, मिच्छो हवेदि अप्पमत्त-समणो।
भावसंकिलेसेण वि, उवसंतादु मिच्छे पडेज्ज।।45।।

भावविशुद्धि के बल से मिथ्यादृष्टि अप्रमत्त गुणस्थानवर्ती श्रमण हो सकता है और भावों की संक्लेशता से जीव उपशान्तमोह गुणस्थान से मिथ्यात्व में पड़ सकता है।

भावों से श्रेण्यारोहण

खइय-सम्मादिट्ठी दु, चडेदि खवग-सेढिं विसोहीए।
किण्णु उवसमसेढिं च, भाव-विसोहि-हीणत्तेणं॥46॥

क्षायिक सम्यग्दृष्टि भाव विशुद्धि से क्षपक श्रेणी चढ़ता है, किन्तु भाव विशुद्धि की हीनता से वह उपशमश्रेणी चढ़ता है।

विदियुवसम-सद्दिट्ठी, चंपिदु खवग-सेढिं असमत्थो।
सुहभावेहि समाहिं, कडुअ लहदि दिवं पुण मोक्खं॥47॥

द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि क्षपक श्रेणी चढ़ने में असमर्थ होता है। वह शुभभावों से समाधि कर स्वर्ग पुनः मोक्ष को प्राप्त करता है।

खवगो तस्सिं भवे हि, उवसामग-खइय-सद्दिट्ठी किण्णु।
तम्मि तिदिये चदुत्थे, भवम्मि पावेदि णिव्वाणं॥48॥

क्षपकश्रेणी पर आरूढ़ क्षपक मुनिराज उसी भव में मोक्ष प्राप्त करते हैं किन्तु उपशामक क्षायिकसम्यग्दृष्टि मुनिराज उसी भव में, तृतीय या चतुर्थ भव में निर्वाण प्राप्त करते हैं।

क्षयोपशम भाव

उदयाभाविखयादो, सदवत्था-समादु सव्वघादीण।
देसघादि-पइडीणं, उदयादु खओवसम-भावो॥49॥

सर्वघाति प्रकृतियों के उदयाभावी क्षय व उन्हीं के सदवस्थारूप उपशम से एवं देशघाति प्रकृतियों के उदय से क्षयोपशम भाव होता है।

क्षयोपशम भाव के भेद

खओवसम-भावा चउणाणं तिअण्णाणं तिदंसणं च।
पणलद्धी सम्मत्तं, चरियं संजमासंजमो दु॥50॥

चार ज्ञान (मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मन:पर्ययज्ञान), तीन अज्ञान (कुमति, कुश्रुत, कुअवधि ज्ञान), तीन दर्शन (चक्षु, अचक्षु, अवधि दर्शन), पाँच लब्धि (क्षायोपशमिक दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य) क्षायोपशमिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक चारित्र व संयमासंयम ये क्षायोपशमिक भाव हैं।

अट्ठारस-विहा सया, इत्थं णिद्दिट्ठा जिणवरिंदेहि।
खओवसम-भावो णो, एगंदादु भव-सिव-हेदू॥51॥

इस प्रकार जिनवरेन्द्रों के द्वारा क्षयोपशम भाव अट्ठारह प्रकार के निर्दिष्ट किए गए हैं। यह क्षयोपशम भाव एकान्त से संसार व मोक्ष का हेतु नहीं हैं।

क्षयोपशम सम्यक्त्व का लक्षण व काल

छप्पइडीणं उदयाभाव-खयादो तह मोहणिज्जस्स।
सदवत्था-उवसमादु, सम्मत्तपइडि-उदयादो दु॥52॥

खओवसम-सम्मत्तं, छावट्टि-सायरो उक्कस्सेणं।
अंतोमुहुत्तस्स पुण, मिस्से संभवो छावट्टी॥53॥ (जुम्मं)

मोहनीय कर्म की छह प्रकृतियों के उदयाभावी क्षय से, उनके सदवस्था रूप उपशम से एवं सम्यक् प्रकृति के उदय से क्षायोपशमिक सम्यक्त्व होता है। इसका उत्कृष्ट काल छ्यासठ सागर है। अनन्तर अन्तर्मुहूर्त के लिए मिश्र में जाकर पुनः चतुर्थ गुणस्थान में छ्यासठ सागर व्यतीत करना सम्भव है।

क्षायोपशमिक सम्यक्त्व व चारित्र कहाँ

खओवसम-सम्मत्तं, चदुत्थादो अपमत्तविरदंतं।
संजमासंजमो पणमे, चरियं छट्ठ-सत्तमेसु॥54॥

क्षायोपशमिक सम्यक्त्व चौथे गुणस्थान से अप्रमत्त विरत गुणस्थान तक पाया जाता है। संयमासंयम पाँचवें गुणस्थान में एवं क्षायोपशमिक चारित्र छठे व सातवें गुणस्थान में पाया जाता है।

क्षायोपशमिक ज्ञान, अज्ञान, दर्शन व लब्धि कहाँ

अण्णाणं मिस्संतं, चदुणाणं चदुत्थादु खीणंतं।
दंसण-मणुसारेणं, ताणं लद्धी बारसंतं॥55॥

तीन अज्ञान मिश्र गुणस्थान तक पाए जाते हैं। चार ज्ञान चौथे से बारहवें क्षीणमोह गुणस्थान तक पाए जाते हैं। दर्शन उन ज्ञान के अनुसार (चौथे से बारहवें तक) और पञ्च लब्धि बारहवें गुणस्थान तक पायी जाती हैं।

क्षायोपशमिक भाव कहाँ तक

मिच्छत्तादो दु खीण-मोहंतं खओवसमियो भावो।
तादु उवरि ण संभवो, कम्मट्ठिदीव य सिद्धेसुं॥56॥

मिथ्यात्व गुणस्थान से क्षीणमोह गुणस्थान तक ही क्षायोपशमिक भाव पाया जाता है। उससे ऊपर सयोग व अयोग केवली गुणस्थानों में क्षायोपशमिक भाव उसी प्रकार सम्भव नहीं है जैसे सिद्धों में कर्मों की स्थिति।

औदयिक भाव के लक्षण व भेद

संभवो जो वि भावो, जीवेसुं उदयादो कम्माणं।
ओदइया भावा खलु, इगवीस-विहा मुणेदव्वा॥57॥

जीवों में जो भी भाव कर्मों के उदय से सम्भव हैं वे सभी औदयिक भाव कहलाते हैं। ये औदयिक भाव इक्कीस प्रकार के जानने चाहिए।

चदुगदी चदुकसाओ, तियलिंगं मिच्छत्तं अण्णाणं।
असंजमो य असिद्धो, छलेस्सा इत्थं जाणेज्जा॥58॥

चार गति (देव, मनुष्य, तिर्यञ्च व नरकगति), चार कषाय (क्रोध, मान, माया, लोभ), तीन लिङ्ग (स्त्री, पुरुष व नपुंसक लिङ्ग), मिथ्यात्व, अज्ञान, असंयम, असिद्ध एवं छह लेश्या (कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म, शुक्ल) इस प्रकार औदयिक भाव के इक्कीस भेद जानने चाहिए।

गति भाव

गदिणामकम्मुदयादु, लहदि जीवो देव-णिरयाइगदिं।
संभवो हि समयेगे, उदयो सया एगगदीए॥59॥

गति नामकर्म के उदय से जीव देवगति, नरकादि गति को प्राप्त करता है। एक समय में सदा एक गति का उदय ही सम्भव है।

कषाय भाव

जीवाण चदुकसाओ, होज्जा कोहाइ-कसायुदयादो।
विणा कसायुदयेण ण, संभवो कसाओ कस्सिं वि॥60॥

क्रोधादि कषायों के उदय से जीवों की चार कषाय होती हैं। कषायों के उदय के बिना किसी में भी कषाय सम्भव नहीं है।

लिङ्ग भाव

वेदकम्मोदयादो, त्थी-पुरिस-संढ-लिंगं जीवाणं।
णवरि देहस्स चिण्हं, णामकम्मोदयादो हि सय॥61॥

वेद कर्म के उदय से जीवों के स्त्री, पुरुष व नपुंसक लिङ्ग होता है। किन्तु इतनी विशेषता है कि देह के चिह्न सदा नामकर्म के उदय से ही होते हैं।

वेदजण्ण-भावो खलु, त्थी-पुं-संढवेदुदयादो होज्ज।
मेहुणसण्णा तत्थ दु, उदयभावं विणा असक्का॥62॥

स्त्री, पुरुष व नपुंसक वेद के उदय से निश्चय से वेदजन्य भाव होते हैं, वहीं मैथुन संज्ञा होती है। औदयिकभाव के बिना यह मैथुन संज्ञा अशक्य है।

मिथ्यात्व भाव

मिच्छत्त-उदयादो दु, होदि मिच्छादिट्ठी मिच्छ-ठाणे।
गहीदागहीदो वा, पणहा एगंतादी तहा॥63॥

मिथ्यात्व गुणस्थान में मिथ्यात्व के उदय से मिथ्यादृष्टि होते हैं। यह मिथ्यात्व गृहीत व अगृहीत के भेद से दो प्रकार का है अथवा एकान्त आदि के भेद से पाँच प्रकार का है।

अज्ञान भाव

होज्ज अण्णाण-भावो, णाणावरणिज्जस्स य उदयादो।
खीणमोहे खयदि तं, णाणावरणिज्ज-खयादु पुण॥64॥

ज्ञानावरणी कर्म के उदय से जीव में अज्ञान भाव होता है। पुनः ज्ञानावरणी कर्म के क्षय से क्षीणमोह गुणस्थान में वह अज्ञान भाव नष्ट होता है।

असिद्ध भाव

कम्मस्स इगपइडीइ, जावदु उदय-सत्त-बंधादी तह।
तावदु जीव-असिद्धो, सव्वकम्मविमुक्को सिद्धो॥65॥

जब तक कर्म की एक भी प्रकृति का उदय, सत्त्व व बन्ध आदि है तब तक जीव असिद्ध है। सर्व कर्मों से मुक्त जीव सिद्ध है।

असंयम भाव कहाँ

चरियमोहोदयादो, असंजम-भावो होज्ज णियमादो।
चदुत्थंत-मसंजमो, पणमे देसो पुणो सयलो॥66॥

चारित्रमोहनीय कर्म के उदय से नियम से असंयम भाव होता है। चतुर्थ गुणस्थान तक असंयमभाव होता है। पाँचवें में देशसंयम व पुनः आगे सकलसंयम होता है।

लेश्या भाव

कसायणुरंजिद-जोग-पवत्ती लेस्सा लिंपदे अप्पं।
विणा कसाय-जोगेहि, असक्का सा कम्मि वि जीवो॥67॥

कषायानुरञ्जित योग की प्रवृत्ति लेश्या है अथवा जो आत्मा का लिम्पन करती है, वह लेश्या है। कषाय व योग के बिना वह लेश्या किसी भी जीव में अशक्य है।

पारिणामिक भाव

जे भावा कम्माणं, होज्ज उदयाइ-अवेक्खाए विणा।
ते खलु पारिणामिया, तिविहा तिलोए तिक्काले॥68॥

जो भाव कर्मों के उदयादि की अपेक्षा के बिना होते हैं, वे निश्चय से पारिणामिक भाव हैं। तीन लोक व तीन काल में वे तीन प्रकार के ही हैं।

जीवत्तं सव्वाणं, एगो भव्वत्त-अभव्वत्तेसुं।
संसारीसुं सिद्धो, णो भव्वो ण अभव्वो किण्णु॥69॥

जीवत्व भाव सभी जीवों के होता है। संसारी जीवों में भव्यत्व व अभव्यत्व में से एक भाव होता है। किन्तु सिद्ध ना भव्य हैं और ना अभव्य।

सिद्धो होदुं सक्को, जो सो भव्वो य इदरो अभव्वो।
एगम्मि संसारिम्मि, सक्को दो पारिणामियो हि॥70॥

जो सिद्ध होने में शक्य है वह भव्य है, इसके इतर जो सिद्धपद प्राप्त करने में अशक्य है वह अभव्य है। एक संसारी जीव में दो पारिणामिक भाव ही सम्भव हैं। (पहला जीवत्व भाव एवं दूसरा भव्यत्व व अभव्यत्व में से एक)

सिद्धों के भाव

सिद्धाण णेव उवसम-ओदइया खओवसमिय-भावो य।
खइय-भावो जीवत्त-पारिणामियभावो हि सया॥71॥

सिद्धों के औपशमिक, औदयिक व क्षायोपशमिक भाव कभी नहीं होता। उनके सदा क्षायिक भाव और जीवत्व पारिणामिक भाव ही होता है।

तीन प्रकार के भाव

सुहो असुहो सुद्धो य, तिविह-भावो वण्णिदो जिणसमये।
इत्थं उवओगो अवि, तिविहो दु चरणाणुजोगम्मि॥72॥

जिनागम में तीन प्रकार के भाव वर्णित किए गए हैं– अशुभभाव, शुभभाव और शुद्धभाव। इसी प्रकार चरणानुयोग में तीन प्रकार के उपयोग भी वर्णित हैं–अशुभ उपयोग, शुभ उपयोग व शुद्धोपयोग।

अशुभ भाव व उपयोग

मिच्छत्तादो दु मिस्स-गुणट्ठाणंतं च संविदिदव्वो।
तारतम्मेण णियमा, असुहभावो उवओगो वा॥73॥

प्रथम मिथ्यात्व गुणस्थान से तृतीय मिश्र सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थान तक नियम से तारतम्य से अशुभ भाव अथवा अशुभ उपयोग जानना चाहिए।

शुभ उपयोग का अभाव

सुहजोगो दु संभवो, इमेसु उत्तगुणट्ठाणेसु किण्णु।
णो उवजोगो भावो, उहयो असुहो सया णेयो॥74॥

इन ऊपर कहे गए आदि के तीन गुणस्थानों में शुभ योग तो सम्भव है किन्तु शुभ उपयोग व शुभ भाव कभी सम्भव नहीं है। इन तीन गुणस्थानों में उपयोग व भाव सदैव अशुभ ही जानना चाहिए।

अशुभ भाव से जीव अशुद्ध

मलेण मलिण-मट्टिआ-घडो णीर-खीर-पूरिदासुद्धो।
जह तह धारंतो णव-वत्थं पि असुद्धभावजुदो॥75॥

जिस प्रकार मल से मलिन मिट्टी का घड़ा यदि जल व दूध से भरा हुआ भी हो तो भी मलिन होता है उसी प्रकार अशुद्ध भावों से युक्त व्यक्ति नवीन वस्त्र को धारण करता हुआ भी अशुद्ध ही होता है।

शुभ योग में अशुभ उपयोग

तंब-भायणम्मि सुद्ध-तक्कं पि विसरूवे जह परिणमदि।
तह मिच्छादीसुं सुह-जोगे अवि असुहोवओगो॥76॥

जिस प्रकार ताम्बे के बर्तन में रखा शुद्ध छाछ भी विषरूप परिणमित हो जाता है उसी प्रकार मिथ्यात्व आदि तीन गुणस्थानों में शुभ योग होने पर भी अशुभ उपयोग ही होता है।

अशुभ भाव स्थिति

मिच्छेसुं तिव्व-असुह-भावो संभवो तिव्व-कसायेण।
सासादणे मज्झिमो, जहण्ण-असुहो मिस्सेसुं च॥77॥

मिथ्यादृष्टि जीवों में तीव्र कषाय से तीव्र अशुभभाव सम्भव है, सासादन सम्यग्दृष्टि जीवों में मध्यम एवं मिश्र गुणस्थानवर्ती जीवों में जघन्य अशुभभाव सम्भव है।

मिच्छादु मिस्संतेसु, सुहलेस्सासु असुह-उवजोगो हि।
सुहुवजोगो किण्णु अवि, सद्दिट्ठीसु असुहलेस्सासु॥78॥

मिथ्यात्व गुणस्थान से मिश्र गुणस्थान तक में शुभलेश्या होने पर भी अशुभ उपयोग ही होता है किन्तु सम्यग्दृष्टियों में अशुभ लेश्या होने पर भी शुभ उपयोग ही होता है।

नरक में शुभोपयोग

णिरये चदुट्ठठाणे, सुह-उवजोगो असुहलेस्सा णवरि।
किण्णु अण्णगदीसु सुह-उवओगे सुहलेस्सा पाय॥79॥

नरकगति में चतुर्थ गुणस्थान में शुभ उपयोग होता है यद्यपि विशेषता यह है कि वहाँ अशुभ लेश्या ही होती है। किन्तु अन्य गतियों में शुभ उपयोग होने पर प्रायः शुभ लेश्या ही होती है।

अशुभ लेश्या से दुर्गति

मिच्छो दु किण्हाइ-तियलेस्सारूवभावं च कुव्वंतो।
लहदि दुग्गदिं कसायमंदत्तेण सुग्गदिं णियमा॥80॥

मिथ्यादृष्टि कृष्णादि तीन अर्थात् कृष्ण, नील, कापोत लेश्या रूप भाव को करता हुआ दुर्गति को प्राप्त करता है एवं कषायों की मन्दता से नियम से सद्गति को प्राप्त करता है।

दुर्भावों से पाप कर्म बन्ध

मिच्छत्तविणाभावी, बंधदि सोलस-पइडिं कुभावेहि।
भावविसोहीए सद्दिट्ठी तित्थं पुण्णपइडिं॥81॥

मिथ्यादृष्टि जीव दुर्भावों से मिथ्यात्व के अविनाभावी सोलह प्रकृतियों का बन्ध करता है। जबकि भावविशुद्धिपूर्वक सम्यग्दृष्टि जीव तीर्थङ्कर वा अन्य पुण्य प्रकृतियों का बन्ध करता है।

मिथ्यादृष्टि

मिच्छत्तुदयादो मिच्छादिट्ठी होदि जीवो णियमेण।
कुदेव-कुसत्थ-कुधम्म-कुगुरुसु सद्दहदे जो सो॥82॥

मिथ्यात्व के उदय से जीव नियम से मिथ्यादृष्टि होता है अथवा जो मिथ्यात्व के उदय से कुदेव, कुशास्त्र, कुधर्म व कुगुरुओं पर श्रद्धान करता है वह मिथ्यादृष्टि है।

शुभोपयोग कहाँ संभव नहीं

असुह-उवजोगो हि सय, अणंताणुबंधि-कसायुदयादो।
आदि-ति-गुणट्ठाणेसु, णेव संभवो सुहुवजोगो॥83॥

अनन्तानुबन्धी कषाय के उदय से सदा अशुभ उपयोग ही होता है। प्रारंभ के तीन गुणस्थानों में शुभ उपयोग कभी सम्भव नहीं है।

अणंताणुबंधी जहवि ण मिस्से तहवि तस्स वासणाइ।
सम्मत्तादो पडणे, ण सुहुवजोगो सिद्धंतेण॥84॥

यद्यपि मिश्र गुणस्थान में अनन्तानुबन्धी कषाय नहीं होती तथापि उसकी वासना से या सम्यक्त्व से पतन होने पर वहाँ सिद्धान्त से शुभोपयोग नहीं होता।

अशुभ उपयोग के स्वामी

णिंदं उवसग्गं वा, करंताण जिणसुदणिग्गंथाणं।
णियमा असुहुवजोगो, कहं संभवो सुहो ताणं॥85॥

जिनेन्द्रदेव, जिनश्रुत व निर्ग्रन्थ गुरुओं की निन्दा व उपसर्ग करने वालों के नियम से अशुभ उपयोग ही होता है। उनके शुभोपयोग कैसे सम्भव हो सकता है? अर्थात् नहीं हो सकता।

तिव्वकसायुदयादो, कुणंति परणिंदं अप्पपसंसं।
णीयगोदबंधगा य, असुहुवजोगजुदपाविट्ठा॥86॥

जो तीव्र कषाय के उदय से परनिन्दा व आत्मप्रशंसा करते हैं वे पापिष्ठ नीच गोत्र के बन्धक, अशुभ उपयोग से युक्त होते हैं।

मिच्छाइ-उदयादु जो, कुणदि हिंसाइ-पाव-मसुहचेट्ठं।
तिव्व-असुह-भावेहिं, तस्स हवेदि असुहुवजोगो॥87॥

जो मिथ्यात्वादि के उदय से हिंसादि पापों को करता है, तीव्र अशुभ भावों से अशुभ चेष्टा करता है, उसके अशुभ उपयोग होता है।

धम्म-धम्मीण अवण्णवादं कुणदि वददि असच्चमसुहं।
ताणं किंत्तिं घाददि, जो सो असुह-उवजोगजुदो॥88॥

जो धर्म व धर्मात्माओं का अवर्णवाद करता है, असत्य व अशुभ बोलता है, उनकी कीर्ति का घात करता है वह अशुभ उपयोग से युक्त होता है।

जो सो णाणाइ-सम्मगुणा भत्ति-आदी पसत्थभावा।
उववासाइ-तवा वा, दूसदि असुहुवजोगजुत्तो॥89॥

जो ज्ञानादि सम्यक् गुण, भक्ति आदि प्रशस्त भावों को या अनशनादि तपों को दूषित करता है वह अशुभ उपयोग से युक्त है।

अट्टं रुद्दं झाणं, कुव्वेदि जो मिच्छाइ-उदयादो।
धम्मं सुक्कं झाणं, दूसदि सो असुह-उवजोगी॥90॥

जो मिथ्यात्व आदि के उदय से आर्त्त व रौद्र ध्यान करता है, धर्म व शुक्ल ध्यान में दोष लगाता है वह अशुभ उपयोगी है।

जिणस्स अवण्णवादं, चउविहसंघस्स तिव्वकसायेण।
कुणदि असुह-उवजोगी, णिरयाइ-दुग्गदिं पावेदि।।91।।

जो तीव्र कषाय से जिनेन्द्रप्रभु का, चतुर्विध सङ्घ का अवर्णवाद करता है वह अशुभ उपयोगी जीव नरकादि दुर्गति को प्राप्त करता है।

जेसुं पि णर-तिरियेसु, णिरयाउ-बंध-कारणं विज्जंति।
ते मिच्छजुदा सव्वा, असुह-उवजोग-जुदा णियमा।।92।।

जिन भी मनुष्य व तिर्यञ्चों में नरकआयु के बन्ध के कारण विद्यमान हैं वे सभी मिथ्यात्व से युक्त हैं और नियम से अशुभ उपयोग से सहित हैं।

तिव्वकसायजुदो बहु-आरंभे संगे सत्तवसणेसु।
पंचिंदिय-विसयेसुं, आसत्तो असुह-उवजोगी।।93।।

जो तीव्र कषाय से युक्त है, जो बहुत आरम्भ-परिग्रह में, सप्त व्यसनों व पञ्चेन्द्रिय विषयों में आसक्त है वह अशुभ उपयोगी है।

तिरिय-भवणत्तयाणं, अवत्थाणं कुभोग-भूमिजाण।
णियमा मिच्छाइजुदा, असुहउवजोगजुदा लहंति।।94।।

तिर्यञ्च, भवनत्रिक (भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष), कुभोगभूमिजों की अवस्थाओं को नियम से मिथ्यात्वादि सहित व अशुभ उपयोग से युक्त जीव प्राप्त करते हैं।

ओरालिय-सरीरी दु, णराउं बंधंति असुहभावेहि।
वेगुव्विय-सरीरी य, सुहासुह-उवजोगेणं वा॥95॥

औदारिक शरीर वाले अशुभ भावों से मनुष्यायु का बन्ध करते हैं एवं वैक्रियक शरीर वाले शुभ वा अशुभ उपयोग से मनुष्यायु का बंध करते हैं।

अशुभ भाव दुर्गति का हेतु

अणत्थग-कज्जं असुह-चिंतणं धम्मविणासग-भावा य।
दुग्गदि-दुक्ख-कारणं, मणेज्ज असुहभावो णियमा॥96॥

अनर्थकारी कार्य, अशुभ चिन्तन, धर्म का विनाश करने वाले भाव नियम से अशुभ भाव मानने चाहिए। वे अशुभ भाव दुर्गति व दुःख का कारण हैं।

आसुरी आदि भावों से दुःख

आसुरि-सम्मोही-किव्विस-कंदप्प-गंधव्व-भावेसुं।
आभिजोग्ग-आदीसुं, रदो लहदि दुग्गदिं दुक्खं॥97॥

जो आसुरी, सम्मोही, किल्विष, कन्दर्प, गन्धर्व, आभियोग्य आदि भावनाओं में लीन रहता है वह दुःख व दुर्गति को प्राप्त करता है।

होज्ज सया णियमादो, असुहरूवं फल-मसुहजोगाणं।
असुह-उवजोगो हंदि, दुहसमुद्दो पावायरो य॥98॥

अशुभ योगों का फल नियम से सदैव अशुभ रूप ही होता है। अशुभ उपयोग निश्चय से दुःख का समुद्र व पाप का आकर होता है।

अशुभोपयोग क्षय कैसे

खयिदुं असुहुवजोगं, समेज्ज कसायं आसण्ण-भव्वा।
मिच्छत्तं अवि तहेव, जिणसुदसाहूण सण्णिहीइ॥99॥

अशुभ उपयोग के क्षय के लिए आसन्नभव्य जीवों को जिनदेव, शास्त्र व साधुओं की सन्निधि में कषायों का शमन करना चाहिए और उसी प्रकार मिथ्यात्व का भी शमन करना चाहिए।

अशुभ भाव त्याग हेतु पुरुषार्थ

दुग्गदिं दुरावत्थं, तिव्वदुहाणि णो कंखेसि जदि तो।
उज्झेज्ज असुहभावं, णिय-सुह-सेट्ठ-पुरिसट्ठेणं॥100॥

हे भव्य जीव! यदि तुम दुरावस्था, दुर्गति और तीव्र दुःखों की आकाङ्क्षा नहीं करते हो तो अपने श्रेष्ठ शुभ पुरुषार्थ से अशुभ भाव का त्याग करो।

भव्यों को त्याज्य

बुद्धीए तिजोगेहि, अप्पसुहाहिलासी णियड-भव्वा।
उज्झेज्ज असुहजोगं, मिच्छं अणंताणुबंधिं पि॥101॥

आत्मसुख के अभिलाषी निकटभव्य जीवों को तीनों योगों से बुद्धिपूर्वक अशुभयोग, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषाय का भी त्याग कर देना चाहिए।

अशुभ भाव सदा हेय

सव्व-मसुहभावं सय, णिल्लुंछेज्ज लवणजुत्तखीरं व।
सक्कराजुदखीरं व, सुहभावा पडिगाहणीया।।102।।

सभी अशुभ भावों को सदैव उसी प्रकार छोड़ देना चाहिए जिस प्रकार नमकयुक्त दुग्ध को विवेकीजन छोड़ देते हैं। शर्करा से युक्त दुग्ध के समान शुभ भाव ग्राह्य हैं।

अशुभोपयोग त्याग का उपदेश

अहो आसण्ण-भव्वो!, जिण-उवदेसं धरेहि सगचित्ते।
लहहि सण्णाणं सव्व-असुह-उवजोगं उज्झित्ता।।103।।

हे आसन्न भव्य! सर्व अशुभ उपयोग का त्याग कर अपने चित्त में जिनेन्द्रप्रभु के उपदेशों को धारण करो और सम्यग्ज्ञान को प्राप्त करो।

शुभोपयोग के स्वामी

अविरद-गुणट्ठाणादु, पमत्तंतं सया सुह-उवजोगो।
सुहुवजोगो सम्मत्त-देस-महव्वदेहिं सह जं।।104।।

अविरत गुणस्थान से प्रमत्त गुणस्थान तक सदैव शुभोपयोग होता है। क्योंकि सम्यक्त्व, देशव्रत व महाव्रतों के साथ शुभोपयोग होता है।

पिदरेण सह सिसू जह, अणाहो ण पदिणा सह त्थी विहवा।
तह सम्मादिट्ठी णो, असुह-उवजोग-जुदो कयावि॥105॥

जैसे माता-पिता के साथ शिशु अनाथ नहीं कहलाता, पति के साथ स्त्री विधवा नहीं कहलाती उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव कभी भी अशुभ उपयोग से युक्त नहीं होता।

अविरद-सद्दिट्ठीणं, सुह-उवजोगो णेयो जहण्णेण।
मज्झेण देसवदीण, उक्कस्सेण पमत्त-मुणीण॥106॥

अविरत सम्यग्दृष्टि जीवों के जघन्य रूप से, देशव्रतियों के मध्यम व प्रमत्त गुणस्थानवर्ती मुनियों के उत्कृष्ट रूप से शुभोपयोग जानना चाहिए।

अणंताणुबंधिस्स य, मिच्छस्स सम्ममिच्छ-उवसमादो।
णियमेण सुहुवजोगो, कयाइ असुहजोगम्मि सदि वि॥107॥

अनन्तानुबन्धी कषाय, मिथ्यात्व व सम्यग्मिथ्यात्व के उपशम से कदाचित् अशुभ योग के होने पर भी नियम से शुभोपयोग होता है।

उवसम-सद्दिट्ठीणं, खओवसम-खइयाणं अवि अहवा।
सव्वदा सुहुवजोगो, अपच्चक्खाण-तिव्वुदये वि॥108॥

उपशम सम्यग्दृष्टि, क्षयोपशम सम्यग्दृष्टि वा क्षायिक सम्यग्दृष्टियों के अप्रत्याख्यान के तीव्र उदय होने पर भी सर्वदा शुभोपयोग होता है।

**पणम-ठाणवत्तीणं, अपच्चक्खाण-कसाय-अणुदये वि।
कयाइ असुह-जोगम्मि, मज्झ-सुहुवजोगो जाणेज्ज॥109॥**

पञ्चम गुणस्थानवर्ती जीवों के अप्रत्याख्यान कषाय का अनुदय होने पर कदाचित् अशुभयोग होने पर भी मध्यम शुभोपयोग जानना चाहिए।

**पावदि पमत्तठाणं, समणो ति-चदुक्क-कसाय-पसमादु।
संजलणतिव्वुदये वि, उक्किट्ठ-सुहुवजोगी सया॥110॥**

तीन चतुष्क अर्थात् अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान व प्रत्याख्यान चतुष्क (क्रोध, मान, माया, लोभ) कषायों के प्रशमन होने से श्रमण प्रमत्तगुणस्थान प्राप्त करते हैं। वहाँ सञ्ज्वलन के तीव्र उदय होने पर भी श्रमण सदा उत्कृष्ट शुभोपयोगी होते हैं।

**थूलकोह-उवसमादु, जणिद-खमाभाव-जुदाण चित्तेसु।
पुण्णदा सुहभावाविरद-देस-पमत्तविरदाणं ॥111॥**

स्थूल क्रोध के उपशमन से उत्पन्न क्षमाभाव से युक्त जनों के चित्त में पुण्यदायक शुभ भाव होते हैं। अविरत सम्यग्दृष्टि, देशविरत व प्रमत्तविरत गुणस्थानवर्ती जीवों के शुभ भाव होते हैं।

**पडण-कारणस्स चित्त-भूमीए कक्कसत्त-कारगस्स।
सद्दिट्ठीण तिव्वसुह-भावा थूलमाणुवसमादु॥112॥**

जो पतन का कारण है, चित्त की भूमि को कर्कश करने वाला है ऐसे स्थूल मान के उपशमन से सम्यग्दृष्टि जीवों के तीव्र शुभ भाव होते हैं।

मणविसुद्धि-णासगाइ, संकिलेसभावजणणी-थूलाइ।
सरल-सद्दिट्ठीण सुहुवजोगो माया-उवसमादु॥113॥

जो मन की विशुद्धि की नाशक है, संक्लेशभाव की जननी है ऐसी स्थूल माया कषाय के उपशमन से सरल सम्यग्दृष्टि जीवों के शुभोपयोग होता है।

रायदोसरूविंगालजणगस्स थूललोहपावगस्स।
उवसमादु सउचभाव-जुद-सद्दिट्ठीण सुहुवजोगो॥114॥

जो राग व द्वेष रूपी कोयले को उत्पन्न करने वाला है ऐसे स्थूल लोभ रूपी अग्नि के उपशमन से शौच भाव से युक्त सम्यग्दृष्टियों के शुभोपयोग होता है।

सव्वघादिकसाय-पसमादु जणिदखंतिपरिणामेहि सह।
वदीणं महव्वदीण, होज्जा सुहुवजोगो णियमा॥115॥

सर्वघाती कषाय के प्रशमन से उत्पन्न क्षान्ति परिणामों के साथ व्रती व महाव्रतियों के नियम से शुभोपयोग होता है।

पुज्जेसु विणय-वित्तिं, सगणिंदं कुणदि परगुणपसंसं।
